Bareilly, Sunday,
17 March 2024

दैनिक जागरण

inext

PAGE II : MIDDLE LEFT

आईके को परास्त कर साईं एकेडमी फाइनल में

मैदान में खेलते प्लेयर्स.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (16 Mar): श्रीराम मूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के नौवें दिन सैटरडे को दोनों सेमीफाइनल मैच हुए.

पहले सेमीफाइनल में साईं क्रिकेट एकेडमी ने आईके कलेक्शंस को 32 रन से हरा कर फाइनल में जगह बनाई. जबकि दूसरे सेमी फाइनल में हल्द्वानी क्रिकेटर्स 26 रन से एसआरएमएस किंग्स को हरा कर फाइनल में पहुंचे. दोनों टीमों के बीच फाइनल मैच 18 मार्च को सुबह 9.30 बजे खेला जाएगा.

सेमीफाइनल में 5 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 54 गेंदों पर 86 रन बनाने वाले हल्द्वानी क्रिकेटर्स के हिमांशु वालयान को मैन आफ द मैच चुना गया. दूसरे सेमीफाइनल मैच में 40 गेंदों पर आतिशी 84 रन बनाने वाले सागर रावत हल्द्वानी क्रिकेटर्स के लिए मैन ऑफ द मैच बने.